
# मुख्यमंत्री ने संतोष वर्मा प्रकरण पर लिया संज्ञान

**जीएडी को दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश**

**वर्मा को आईएएस से बर्खास्त करने का प्रस्ताव**



**भोपाल, 11 दिसंबर. संतोष वर्मा प्रकरण पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को संज्ञान लिया और जीएडी को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए. वर्मा को आईएएस से बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है.**

बता दें कि वर्मा ने हाल ही में यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान जाति विशेष के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं और इनका जमकर विरोध हो रहा है. वर्तमान प्रकरण में संतोष वर्मा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं है. उनके द्वारा सतत् मर्यादा विहीन वक्तव्य जारी किए जा रहे हैं. अतः उन्हें चार्जशीट जारी करने का निर्णय लिया गया. राज्य शासन द्वारा वर्मा को उप सचिव कृषि विभाग से हटाकर जीएडी पूल में बिना विभाग और बिना कार्य के अटैच करने का निर्णय लिया गया.

मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग ने कई निर्णय लिए. राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए पदोन्नति फर्जी और जाली आदेश तैयार कर ली गई है. विभिन्न न्यायालय में आपराधिक प्रकरण लंबित है. फर्जी दस्तावेजों और धोखाधड़ी के आधार पर ली गई आईएएस की पदोन्नति गलत है.

अतः आईएएस से बर्खास्त करने का प्रस्ताव केन्द्र शासन को प्रेषित किया जा रहा है. वर्मा के विरुद्ध जाली और फर्जी दस्तावेज के आधार पर 'संनिष्ठा' प्रमाण पत्र प्राप्त करने के आरोप के लिए विभागीय जांच अंतिम स्तर पर है.



# साइबर अपराधों की जांच को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**▸अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शुक्ला ने किया शुभारंभ**

**भोपाल, 11 दिसंबर. शहर के थानों में पदस्थ पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की साइबर अपराधों में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.**

गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/ अपराध) मोनिका शुक्ला ने उद्घाटन किया. इस मौके पर शुक्ला ने बताया कि विगत वर्षों में साइबर अपराधों में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई है. साइबर ठग भोली-भाली जनता की मेहनत की कमाई को निशाना बना रहे हैं, जिससे आमजन को आर्थिक हानि होने के साथ-साथ ऐसे मामलों का अनुसंधान पुलिस के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन गया है.

उन्होंने कहा कि आधुनिक साइबर अपराधों के स्वरूप, तकनीकी पेचीदगियों और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण हेतु पुलिस कर्मियों का तकनीकी रूप से सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है.

# अनियमितताओं को लेकर प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआईएनआरआई ने गुरुवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया.**

संगठन ने एनआरआई नर्सिंग कॉलेज भोपाल और उसके अनुबंधित अरनव अस्पताल में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि निरीक्षण टीम ने जिम्मेदारों को बचाने के लिए फर्जी और भ्रामक रिपोर्ट तैयार की है.

एनएसयूआई एनआरआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने कहा कि यह मामला छात्रों के भविष्य, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जनहित से जुड़ा गंभीर मुद्दा है, जिसमें तत्काल सख्त कार्रवाई आवश्यक है. उन्होंने बताया कि 26 अगस्त को शिकायत दर्ज होने के बावजूद नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने कॉलेज को मान्यता जारी रखी. परमार ने कहा कि 10 अक्टूबर को भेजी गई विस्तृत शिकायत के आधार पर सीएमएचओ को निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, लेकिन सीएमएचओ मनीष शर्मा ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. 17 अक्टूबर को डॉ. रितेश रावत और डॉ. अभिषेक सेन द्वारा किए गए निरीक्षण में अस्पताल को 100 बेड का पूर्ण रूप से संचालित बताने वाली रिपोर्ट स्पष्ट रूप से भ्रामक पाई गई.



**▶ 60 प्रतिशत नर्सिंग स्टाफ फर्जी**

एनएसयूआईएनआरआई नेताओं ने दावा किया कि अरनव अस्पताल में सूचीबद्ध लगभग 60 प्रतिशत नर्सिंग स्टाफ फर्जी है. कई सरकारी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ को बिना जानकारी के यहां कार्यरत दिखाया गया. 8 दिसंबर को कई स्टाफ नर्सों ने लिखित रूप में बताया कि उनके रजिस्ट्रेशन का वर्षों से अवैध उपयोग किया जा रहा है.

# नीट पीजी काउंसलिंग के परिणाम घोषित

**एमपी नीट पीजी काउंसलिंग 2025 का पहला चरण**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 11 दिसम्बर. चिकित्सा शिक्षा संचालनालय भोपाल ने एमपी नीट पीजी काउंसलिंग 2025 के पहले चरण का सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। आवंटन के दौरान अभ्यर्थियों की पहली पसंद में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, इंदौर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर शामिल रहे।**

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है, उन्हें 12 दिसंबर तक संबंधित मेडिकल कॉलेज में उपस्थित होकर प्रवेश की पुष्टि करनी होगी। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की प्रति, नीट पीजी स्कोर कार्ड, जन्म प्रमाण, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र और दिव्यांग प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

एनआरआई श्रेणी के लिए ओसीआई कार्ड (विदेश में रहने वाला भारतीय मूल का नागरिक) की प्रति, रोटेटरी इंटर्नशिप प्रमाण पत्र, मेडिकल रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र और सेवाधीन उम्मीदवारों के लिए अनुपति पत्र जमा करना आवश्यक है। इसके साथ ही काउंसलिंग प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। डीएमई ने स्पष्ट किया है कि दूसरे और मॉपअप चरण में अपग्रेडेशन चाहने वाले उम्मीदवारों को पहले या दूसरे चरण में ग्रामीण सेवा बांड या सीट छोड़ने का बांड जमा नहीं करना होगा।

> एमपी नीट पीजी प्रवेश नियमों के अनुसार उम्मीदवार दूसरे चरण की काउंसलिंग शुरू होने से दो दिन पहले तक आवंटित सीट से इस्तीफा दे सकते हैं। ऐसे मामलों में सीट छोड़ने का बांड लागू नहीं होगा और अभ्यर्थी दूसरे चरण में पुनः भाग ले सकेंगे।

## दो नवजातों के अधजले शव को लेकर जांच जारी

**भोपाल.** हमीदिया अस्पताल परिसर में दो नवजातों के अध जले शव बरामद हुए थे. इस मामले में अस्पताल प्रबंधन और कोहेफिजा थाना पुलिस जांच की कार्रवाई करने में जुटी है. नवजातों के शव को किसने यहां पर लाया इसकी पूरी तहकीकात की जा रही है. पुलिस अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है. बता दें कि अस्पताल परिसर में स्थित मर्चुरी के पास पुरानी पानी की टंकी के पास नवजातों के शवों को देखा गया था. अज्ञात शख्स ने कचरे के ढेर में शवों को फेंका था.

# राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होंगे 26 श्रेष्ठ अधिकारी

## राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट संपन्न

**भोपाल, 10 दिसंबर. 69वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट का गुरुवार को समापन हुआ. प्रदेश पुलिस का प्रभावी और सशक्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया कार्यक्रम डायल 112 के स्टेट कमांड सेंटर में हुआ.**

आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जोन, जिलों और इकाइयों से कुल 107 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी-अपनी संबंधित तकनीकी एवं वैज्ञानिक विधाओं में उत्कृष्ट कौशल और उच्च स्तर की तैयारी का प्रदर्शन किया.




> दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में साइंटिफिक एड्स टू इन्वेस्टिगेशन श्रेणी के अंतर्गत विवेचना अधिकारियों ने मेडिको-लीगल ओरल परीक्षा, क्रिमिनल लॉ, फिंगरप्रिंट परीक्षण, ऑब्जर्वेशन टेस्ट, पोर्टेट पार्ले, हैंडलिंग-लिफ्टिंग-पैकिंग-सीलिंग तथा एग्जिबिट्स के फॉरवर्डिंग की वैज्ञानिक प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण विधाओं में अपनी दक्षता का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया. ये सभी विधाएं वास्तविक अपराध अन्वेषण और न्यायालयीन प्रक्रिया से सीधे जुड़ी होने के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं.

## एमपी पुलिस एएसआई और सूबेदार भर्ती के प्रवेश पत्र जारी

**भोपाल.** मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन बोर्ड ने पुलिस सहायक उप निरीक्षक और सूबेदार स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय सीमा में आवेदन किया था, वे अब आधिकारिक वेबसाइट द्गह्यड्ढ.द्वश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 27 अक्टूबर से शुरू होकर 10 नवंबर तक चली थी। जिसके बाद संशोधन की प्रक्रिया 15 नवंबर तक चली।

# कुशवाहा भवन को हड़पने वाले गिरफ्तार

**▸टीटी नगर पुलिस ने की कार्रवाई**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 11 दिसंबर. टीटी नगर थाना पुलिस ने इलाके में बने कुशवाहा समाज के भवन को हड़पने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**

आरोप है कि भाजपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे भगत सिंह कुशवाहा के साथ ही सीताराम और मोहन कुशवाहा ने भवन को लेकर फर्जी दस्तावेज तैयार कराए थे. कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सभी को कोर्ट में भी पेश किया.

मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में 15 साल पहले कुशवाहा भवन पर फर्जी दस्तावेजों से कब्जा किया गया था. आरोप है कि भगत सिंह कुशवाहा और उनके दो साथियों ने कब्जे को लेकर दस्तावेज तैयार कराए थे. यह भवन कुशवाहा समाज के लिए आवंटित किया गया था.

आरोप है कि भगत सिंह और उनके साथियों ने भवन पर कब्जा करते हुए गर्ल्स हॉस्टल के साथ ही अपना एक कार्यालय भी यहां से संचालित कर रहे थे. पुलिस ने आरोपियों को उनके घर से ही गिरफ्तार कर थाने लाई, जहां से सभी को कोर्ट में पेश किया गया.

अंजली कॉम्प्लेक्स के पास बने कुशवाहा समाज के बने भवन को आरोपियों ने निजी संपत्ति बताते हुए उपयोग करना शुरू कर दिया था. इस मामले की शिकायत की गई. लंबे समय तक चले प्रकरण के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है.

## प्रो. सुरभि दहिया को मिलेगा अवॉर्ड

**भोपाल. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मॉस कम्युनिकेशन नई दिल्ली की प्रो. सुरभि दहिया को पुष्पेंद्र पाल सिंह मास कम्युनिकेशन एंड पीआर टीचर अवॉर्ड 2025 से अलंकृत किया जाएगा.**

यह अवॉर्ड 13 से 15 दिसंबर 2025 तक देहरादून में आयोजित 47 वीं ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कॉन्फ्रेंस में प्रदान किया जाएगा. प्रो. सुरभि दहिया को इस उपलब्धि पर पीआरएसआई के भोपाल चैप्टर के अध्यक्ष मनोज द्विवेदी, सचिव डॉ. पंकज मिश्रा, कोषाध्यक्ष श्री के.के. शुक्ला सहित भोपाल चैप्टर के समस्त कार्यकारिणी के सदस्यों ने बधाई दी है. प्रो. सुरभि दहिया भारतीय जनसंचार संस्थान, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में मीडिया बिजनेस स्टडीज विभाग की प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष हैं. इससे पहले वे अंग्रेजी पत्रकारिता और विज्ञापन जनसंपर्क की पाठ्यक्रम निदेशक, छात्र कल्याण डीन और कम्युनिकेटर पत्रिका की संपादक रह चुकी हैं. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, प्रोफेसर दहिया ने कई मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है.

## आर्थिक संकट गहराने का आरोप



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 11 दिसंबर. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर गंभीर संकट बताते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला है।**

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार प्रतिदिन लगभग 165 करोड़ रुपये का कर्ज ले रही है और उससे भी चिंताजनक बात यह है कि पुराने कर्ज का ब्याज चुकाने के लिए भी नए ऋण लिए जा रहे हैं, जिसे उन्होंने वित्तीय कुप्रबंधन करार दिया. पटवारी ने कहा कि सरकार अब तक 101 सार्वजनिक संपत्तियों को बेच चुकी है, जिससे लगभग 1,100 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

इनमें राज्य से बाहर स्थित मूल्यवान संपत्तियाँ भी शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई और केरल की कीमती जमीनों को चुपचाप नीलाम कर दिया गया.

**अनदेखी ▶ 2023 से अब तक लगभग चार बार टला हैंडओवर का काम**

# जेपी अस्पताल के नए भवन को लेकर असमंजस

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 11 दिसंबर. जय प्रकाश जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग का काम खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है. अस्पताल अधीक्षक संजय जैन को अब तक ये नहीं पता कि नई बिल्डिंग में किस तरह की स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी।**



जब नवभारत रिपोर्टर अधीक्षक से इस विषय में जानकारी के लिए पहुंची तो वह टाल मटोल करते हुए दिखे. पहले तो अधीक्षक ने बैठने को कहा. फिर थोड़ी देर बाद कहा अभी कोई अपडेट नहीं है. बाद में आना. इसके बाद रिपोर्टर ने फिर से पूछा तो संजय जैन ने रिपोर्टर को बेवजह मोबाइल फोन दूर रखने को कहा और बोला जब तक फोन दूर नहीं रखेंगे, कोई बात चीत नहीं होगी। इसके बाद रिपोर्टर ने फोन दूर रखा तो..........

वहीं दूसरी ओर जहां 2023 में विभाग द्वारा जेपी अस्पताल के लिए 30 बेड की कार्डियक यूनिट बनाने का प्रस्ताव मंजूर हुआ था, उस प्रस्ताव को बिल्डिंग निर्माण में बार-बार हो रही देरी के कारण लोक स्वास्थ्य शिक्षा विभाग ने मॉडर्न कार्डियक यूनिट के प्रोजेक्ट को रद्द कर दिया है. बता दें कि 2023 से लेकर अब तक लगभग 4 बार बिल्डिंग के हैंडओवर का काम टाला जा चुका है.

> **रिपोर्टर** : नई बिल्डिंग को लेकर क्या अपडेट है.
> **अधीक्षक** : मुझे जानकारी नहीं है, बिल्डिंग का हैंडओवर हमें नहीं हुआ है.
> **रिपोर्टर**: बिल्डिंग का हैंडओवर कब तक हो पाए गा.
> **अधीक्षक** : बिल्डिंग पीआईयू के पास है, वो बताएंगे हमें अभी कुछ नहीं पता.
> **रिपोर्टर**: बिल्डिंग का हैंडओवर हो जाने के बाद किस तरह की सुविधा मरीजों को मिलेगी, कितने बेड की, कौन सी यूनिट होगी।
> **अधीक्षक**: मुझे नहीं पता, जब बिल्डिंग हैंडओवर होगी तब योजना बनेगी.